8. संशोधित फॉर्म और इन फॉर्मों को भरने के लिए दिए जा रहे ये निर्देश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे। इन संशोधित फॉर्मों को रिज़र्व बैंक की वेबसाइट अर्थात www.rbi.org.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

9. उल्लेखनीय है कि ओआई विनियमावली के विनियम 11 (1) के अनुसार, यदि भारत में निवासी कोई व्यक्ति ओआई विनियमावली के विनियम 9 (1) के तहत विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर निवेश के साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करता है या ओआई विनियमावली के विनियम 10 के तहत विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर कोई फाइलिंग नहीं करता है, तो ऐसा व्यक्ति विलंब शुल्क (एलएसएफ) के साथ ऐसी प्रस्तुति या फाइलिंग उस अवधि के भीतर कर सकता जो सूचित की जाएगी। **हालांकि, इस सुविधा का लाभ इस तरह की प्रस्तुति या फाइलिंग की नियत तारीख से अधिकतम 3 साल की अवधि के भीतर ही उठाया जा सकता है।**

10. ओआई विनियमावली के विनियम 11(2) के अनुसार, सरकारी राजपत्र में इस विनियमावली के प्रकाशन की तारीख से पूर्व, अधिनियम अथवा उसके तहत बनायी गयी विनियमावली के अनुसार पारदेशीय निवेश से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने या किसी फाइलिंग के लिए उत्तरदायी भारत में निवासी व्यक्ति, जिसने ऐसी प्रस्तुति या फाइलिंग उन विनियमावली में विनिर्दिष्ट अवधि में नहीं की है या नहीं करता है, वह ऐसी अवधि, जो सूचित की जा सकती है, के भीतर और रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्देशित दरों पर और निर्दिष्ट तरीके से विलंब शुल्क के साथ ऐसी प्रस्तुति या फाइलिंग अथवा विलंब शुल्क का भुगतान जब ऐसी प्रस्तुति या फाइलिंग की जा चुकी हो, जैसा भी मामला हो, उस अवधि के भीतर कर सकता है जो सूचित की जाए। **हालांकि, आधिकारिक राजपत्र में ओआई विनियमावली के प्रकाशन की तारीख से अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के भीतर ही इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।** एलएसएफ के भुगतान की दरों और तरीके का उल्लेख ओआई निदेशों के पैराग्राफ 18 में किया गया है।

11. भारत में निवासी व्यक्ति, जिसने फेमा, 1999 या उसके तहत बनायी गयी विनियमावली के अनुसार विनिर्दिष्ट पारदेशीय निवेश से संबंधित कोई फाइलिंग, इस विनियमावली के सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पहले नहीं की है, वह संशोधित फॉर्मों का उपयोग करके ऐसी रिपोर्ट फाइल करेगा। ऐसी फाइलिंग के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित संबंधित लागू विनियमों का संदर्भ लिया जाए।

12. एडी बैंक प्राप्त फॉर्मों को यूआईएन-वार संरक्षित रखें ताकि यदि कभी आवश्यकता पड़े तो उन्हें रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जा सके।

13. इन निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एडी बैंक उचित प्रक्रियाएं लागू करें और बैंक/शाखा में कार्यरत सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अनुदेश जारी करें। इसके अलावा, जैसा कि ओआई विनियमावली के विनियमन 12 के तहत परिकल्पित है, एडी बैंक यह सुनिश्चित करें कि भारत में निवासी व्यक्ति जिसने फेमा प्रावधानों के अनुसार विदेशी संस्था में वित्तीय प्रतिबद्धता की है, वह तब तक विदेशी संस्था के प्रति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, निधि या गैर-निधि आधारित वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं करेगा या ऐसे निवेश का अंतरण नहीं करेगा, जब तक रिपोर्टिंग में हुए किसी भी विलंब को नियमित नहीं कर लिया जाता। यदि ओआई विनियमावली में निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर रिपोर्टिंग से जुड़ी अपेक्षाओं का अनुपालन एलएसएफ के साथ या उसके बिना नहीं कर लिया जाता, तो इसे फेमा, 1999 की धारा 13 के तहत उल्लंघन माना जाएगा।

14. रिज़र्व बैंक इन फॉर्मों के माध्यम से प्राप्त जानकारी को सार्वजनिक डोमेन में रखने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

अनुबंध-I

	फॉर्म एफसी: भाग ए **भारतीय संस्था (आईई)/ निवासी व्यष्टि (आरआई)/ न्यास/ सोसाइटी का ब्योरा** **(इस फॉर्म के भाग ए और बी के साथ केवल यथालागू प्रासंगिक भाग(गों) को ही इस्तेमाल में लाएँ)**				
I	नामित एडी बैंक और शाखा का नाम, कोड				
II	निवेश किसके अंतर्गत (कृपया टिक करें)	स्वचालित मार्ग		अनुमोदन मार्ग	
III	**आईई/ आरआई/ न्यास/ सोसाइटी का ब्योरा**				
i.	आईई/ आरआई/ न्यास/ सोसाइटी का नाम				
ii.	पैन संख्या				
iii	विधिक संस्था पहचान संख्या (एलईआई)				
iv	आईई की समूह कंपनी (जहाँ गारंटी समूह कंपनी द्वारा दी गयी हो)				
v	आईई का गतिविधि कोड		(1987 NIC code at 3-digit level) (2008 NIC code at 5-digit level)		
vi	आईई/ आरआई/ न्यास/ सोसाइटी का पता				
vii	शहर				
viii	राज्य				
ix	पिन कोड				
x	आईई के अंतिम तुलन-पत्र की तारीख को भारतीय रुपये में उसकी निवल मालियत (यदि गारंटी की रिपोर्टिंग समूह कंपनी द्वारा की गयी हो तो, ऐसी समूह कंपनी की निवल मालियत रिपोर्ट की जाएगी) नोट: समूह कंपनी द्वारा दी गयी गारंटी के मामले में कृपया ओआई विनियमावली के विनियम 5(2) का संदर्भ लिया जाए।				
xi	वर्तमान लेनदेन की तारीख तक और अब की जा रही एफसी सहित, आईई/ आरआई/ समूह कंपनी/ ट्रस्ट/ सोसाइटी द्वारा सभी विदेशी संस्थाओं में की गयी वित्तीय प्रतिबद्धताओं (एफसी) का योग		विदेशी मुद्रा में (एफसीवाई)	भारतीय रुपये में	

	नोट: मौजूदा वित्तीय प्रतिबद्धता के समतुल्य भारतीय रुपये की गणना करने के लिए वर्तमान लेनदेन की तारीख या रिपोर्टिंग की तारीख, जो भी पहले हो, को मौजूदा विनिमय दरों का प्रयोग किया जाए।		
xii	संपर्क व्यक्ति		
xiii	संपर्क व्यक्ति का पदनाम		
xiv	दूरभाष संख्या		
xv	मोबाइल नंबर		
xvi	ई-मेल आईडी		

IV	आईई/ आरआई/ न्यास/ सोसाइटी की प्रस्थिति (कृपया उचित श्रेणी में टिक करें)				
i.	सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी		vi.	सोसाइटी	
ii.	निजी क्षेत्र की कंपनी		vii.	एलएलपी	
iii.	व्यष्टि		viii.	अन्य (कृपया उल्लेख करें)	
iv.	पंजीकृत साझेदारी				
v.	न्यास				

V	क्या वित्तीय प्रतिबद्धता या विनिवेश करने वाली आईई/ आरआई/ समूह कंपनी/ न्यास/ सोसाइटी के विरुद्ध कोई जाँच चल रही है या वह इरादतन चूककर्ता है/ उसका खाता एनपीए है (कृपया ओआई नियमावली का नियम 10 देखें)। यदि हाँ, तो उस विनियामक/ जाँच एजेंसी/ उधारदाता बैंक का नाम और जाँच की अवधि का उल्लेख करें।	तारीख से	तारीख तक (यदि लागू हो)	विनियामक/ जाँच एजेंसी/ उधारदाता का नाम

VI	आईई/ आरआई/ समूह कंपनी/ न्यास/ सोसाइटी की मौजूदा विदेशी संस्थाओं का ब्योरा जो पहले से ही परिचालन कर रही हैं या उनका क्रियान्वयन चल रहा है (यदि आवश्यक हो तो अलग से शीट संलग्न करें)।		
	विदेशी संस्था का नाम	रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन)	नामित एडी बैंक का नाम
i.			

फॉर्म एफसी: भाग - बी

विदेशी संस्था/ उप-अनुषंगी (एसडीएस) का ब्योरा

रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित 13 अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या का उल्लेख करें (यदि लागू हो)

VII	**विदेशी संस्था का ब्योरा**				
i.	नाम				
ii.	पता				
iii.	देश/ क्षेत्राधिकार का नाम				
iv	क्या विदेशी संस्था एक स्टार्ट-अप है या इसकी प्रमुख गतिविधि रणनीतिक क्षेत्र से संबद्ध है या यह वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती है	स्टार्ट-अप	रणनीतिक क्षेत्र	वित्तीय सेवाएँ	अन्य
v	विदेशी संस्था के निगमन की तारीख				
vi	विदेशी संस्था की विधिक संस्था पहचान संख्या (एलईआई)				
vii	विदेशी संस्था की ईमेल आईडी				
viii	विदेशी संस्था का वित्तीय वर्ष				
ix	विदेशी संस्था का गतिविधि कोड	(1987 NIC code at 3-digit level) (2008 NIC code at 5-digit level)			
x	उपर्युक्त विदेशी संस्था के संबंध में की जा रही वित्तीय प्रतिबद्धता (आईएनआर और एफसीवाई में)	इक्विटी पूँजी	ऋण	गैर निधि आधारित प्रतिबद्धता	
xi	आईई/ आरआई/ समूह कंपनी/ ट्रस्ट/ सोसाइटी स्वरा इस यूआईएन के संदर्भ में वर्तमान लेनदेन की तारीख तक की गयी और अब की जा रही एफसी, वित्तीय प्रतिबद्धताओं (एफसी) का योग **नोट:** मौजूदा वित्तीय प्रतिबद्धता के समतुल्य भारतीय रुपये की गणना करने के लिए वर्तमान लेनदेन की तारीख या रिपोर्टिंग की तारीख, जो भी पहले हो, को मौजूदा विनिमय दरों का प्रयोग किया जाए।	एफसीवाई में		आईएनआर में	

VIII	**विदेशी संस्था में प्रस्तावित/ अद्यतन शेयर-धारिता का स्वरूप**				
i.	भारत में निवासी व्यक्ति	% शेयर	ii.	विदेशी भागीदार	% शेयर
(1)			(1)		

(2)			(2)		
(3)			(3)		

IX	**क्या विदेशी संस्था में भारत में निवासी व्यक्ति का नियंत्रण है (ओआई नियमावली में 'नियंत्रण' की परिभाषा देखें)**	हाँ / नहीं
X	**जिस एसडीएस के संबंध में एफसी की जा रही है, यदि लागू हो, उसका ब्योरा दिया जाए** (यदि आवश्यक हो तो अलग से शीट लगायी जाए)	
i.	एसडीएस का नाम, स्तर और देश/क्षेत्राधिकार	
ii.	पैरेंट एसडीएस/ विदेशी संस्था का नाम, स्तर और देश/क्षेत्राधिकार	
iii.	निवेश की राशि और निवेश की तारीख, यदि कोई हो	
iv	एसडीएस की विधिक संस्था पहचान संख्या (एलईआई)	
v	एसडीएस का प्रकार (एसपीवी/ होल्डिंग कंपनी/ ऑपरेटिंग/ ऑपरेटिंग कम होल्डिंग)	
vi	1987 और 2008 के एनआईसी कोड के अनुसार एसडीएस का गतिविधि कोड	
vii	उक्त एसडीएस में पैरेंट द्वारा धारित % शेयर	

फॉर्म एफसी: भाग-सी

भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा लेनदेन/ विप्रेषण/ वितीय प्रतिबद्धता (एफसी) का ब्योरा

रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित 13 अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या का उल्लेख करें (यदि लागू हो)

क्रम सं.	**निवेश का तरीका अथवा स्रोत**	**निवेश की श्रेणी**			**अन्य ब्योरा**	
					दिनांक	**राशि**
1	बैंकिंग माध्यम	इक्विटी पूँजी	ऋण	लागू की गयी गारंटी		
2	ईसीबी	इक्विटी पूँजी	ऋण	लागू की गयी गारंटी		
3	एडीआर	इक्विटी पूँजी	ऋण	लागू की गयी गारंटी		
4	जीडीआर	इक्विटी पूँजी	ऋण	लागू की गयी गारंटी		
5	प्रतिभूतियों की अदला-बदली	इक्विटी पूँजी				

6	पूँजीकरण- निर्यात	इक्विटी पूँजी					
7	पूँजीकरण- अन्य@ (उल्लेख करें)	इक्विटी पूँजी					
8	अन्य- निधि आधारित (कृपया उल्लेख करें) (जैसे, अधिकार का उपयोग करते हुए अर्जन)	इक्विटी पूँजी		ऋण			
9	जारी की गयी कॉरपोरेट और वैयक्तिक गारंटी	भारतीय संस्था (आईई) द्वारा कॉरपोरेट गारंटी	वैयक्तिक गारंटी	तृतीय पक्ष द्वारा कॉरपोरेट गारंटी	निर्गम की तारीख	वैधता की तारीख	
10	जारी की गयी कार्यनिष्पादन गारंटी				निर्गम की तारीख	वैधता की तारीख	
11	जारी की गयी बैंक गारंटी	जारी की गयी बैंक गारंटी (बैंक का नाम लिखें)			निर्गम की तारीख	वैधता की तारीख	
12	गारंटी में विस्तारण/ परिवर्तन $	(उल्लेख करें)			विस्तारण की तारीख	वैधता की तारीख	
13	गिरवी/प्रभार सृजन- विदेशी आस्तियाँ	विदेशी संस्था/ एसडीएस के शेयर	विदेशी संस्था/ एसडीएस की चल और अचल सम्पत्तियाँ	अन्य वित्तीय आस्तियाँ	गिरवी रखने की तारीख	वैधता की तारीख	(एफसी के रूप में गणनीय राशि)
14	प्रभार का सृजन – घरेलू आस्तियाँ (पारदेशीय उधारदाता का नाम)	आईई/ अथवा उसकी समूह कंपनियों के शेयर	आईई/ अथवा उसकी समूह कंपनियों की चल और अचल सम्पत्तियाँ	आईई/ अथवा उसकी समूह कंपनियों की अन्य वित्तीय आस्तियाँ	सृजन की तारीख	वैधता की तारीख	(एफसी के रूप में गणनीय राशि)
15	ऋण का इक्विटी में रूपांतरण$$	(उल्लेख करें)			रूपांतरण की तारीख		राशि
16	वित्तीय संस्था/एसडीएस के विलय के	इक्विटी पूँजी	ऋण	गारंटी	विलय की तारीख		

	परिणामस्वरूप उत्पन्न एफसी (कृपया प्रत्येक श्रेणी में राशि का उल्लेख करें)				
17	भारतीय संस्थाओं/ समूह कंपनियों द्वारा/के विक्रय/ अंतरण/ विलय के परिणामस्वरूप उत्पन्न एफसी (कृपया प्रत्येक श्रेणी में राशि का उल्लेख करें)	इक्विटी पूँजी	ऋण	गारंटी	लेनदेन की तारीख
18	अन्य (उल्लेख करें) (जैसे, आईई/ निवासी व्यष्टि (आरआई) (जैसा भी मामला हो) द्वारा आस्थगित भुगतान*,/ उपहार/ विरासत	कृपया एफसी के लेनदेन की तारीख, श्रेणी और राशि का उल्लेख किया जाए.			

टिप्पणी :

* ओआई विनियमों के विनियमन 7 के अनुपालन में आस्थगित भुगतान आधार पर इक्विटी पूंजी के अधिग्रहण के समय गैर-निधि-आधारित प्रतिबद्धता के रूप में रिपोर्ट किया जाना है। इसके अलावा, प्रेषण के समय गैर-निधि-आधारित प्रतिबद्धता को इक्विटी पूंजी में परिवर्तित के रूप में सूचित किया जाएगा।

@ पूंजीकृत की जा रही देय राशियों को निर्दिष्ट करें - निगमन व्यय या अन्य देय जैसे- रॉयल्टी, तकनीकी ज्ञान शुल्क, परामर्श शुल्क *आदि*।

$ गारंटी में रोलओवर/परिवर्तन के मामले में कृपया इस स्थान पर अग्रलिखित विवरण भरें क) गारंटी के परिवर्तन/ रोलओवर की तिथि; ख) नई गारंटी की वैधता तिथि; ग) नई गारंटी की राशि; घ) जब मूल गारंटी ऑनलाइन रिपोर्ट की गयी हो तो रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित 15 अंकों की लेनदेन संख्या।

$$ जब ऋण का इक्विटी में रूपांतरण किया गया हो तब, कृपया अग्रलिखित ब्योरा दें क) रूपांतरण की तिथि ख) इक्विटी में रूपांतरित राशि ग) रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित 15 अंकों की लेनदेन संख्या, जब ऋण के संबंध में मूल विप्रेषण की रिपोर्टिंग ऑनलाइन की गयी हो।

एडी बैंक की शाखा द्वारा भरा जाए (जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए)

हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि _____ (इक्विटी/ऋण/गारंटी/गैर-निधि आधारित प्रतिबद्धता) के उद्देश्य से किया गया ---------- ---------- (राशि एफसीवाय एवं आईएनआर में दी जाये) विप्रेषण/ लेनदेन, फेमा, 1999, ओआई नियमावली, ओआई विनियमावली और रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी निदेशों में निहित प्रावधानों के अनुसार है। **हम फेमा, 1999 की धारा 10 की उप-धारा 5 में निहित प्रावधानों के अनुसार इस लेनदेन की सदाशयता के प्रति संतुष्ट हैं।**

एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर		

एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी का नाम और पदनाम				स्टाम्प/मुहर
स्थान		दिनांक		
टेलीफोन नं.		ई-मेल		

फॉर्म एफसी: भाग-डी

भारतीय संस्था(आईई)/ निवासी व्यष्टि (आरआई) द्वारा घोषणा

(जो लागू न हो**,** उसे काट दें)

(ए) मेरा / हमारा एक ऐसा खाता है जो गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए)/इरादतन चूककर्ता के रूप में है, अथवा मेरे/हमारे विरुद्ध वित्तीय क्षेत्र के विनियामक द्वारा जांच चल रही है, अथवा भारत में स्थित जाँच एजेंसियों यथा- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या प्रवर्तन निदेशालय या गंभीर धोखाधड़ी जाँच कार्यालय- द्वारा जाँच चल रही है।

तदनुसार,

i. ओआई नियमावली के नियम 10 के तहत निर्धारित एनओसी प्राप्त कर ली गयी है और संलग्न की गयी है, या
ii. संबंधित ऋणदाता बैंक/विनियामक निकाय/जांच एजेंसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्राप्त होने की तारीख से साठ दिनों के भीतर आपत्ति(यां) प्रस्तुत करने में विफल रही।

(बी) जहां कहीं भी लागू हो, इस यूआईएन के अंतर्गत इस विदेशी संस्था के संबंध में विनियम 9 में यथाअपेक्षित शेयर प्रमाणपत्र/ अन्य साक्ष्य तथा ओआई विनियमावली के विनियम-10 के अनुसार अन्य रिपोर्टिंग अपेक्षाएँ, जो रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की गयी हों, प्रस्तुत/ पूरी की गयी हैं।

(सी) ऋण के माध्यम से वित्तीय प्रतिबद्धता करते समय ओआई नियमावली और ओआई विनियमावली, अथवा यदि लेनदेन पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क**, के अंतर्गत किया गया है तो तत्संबंधी मौजूदा विनियमों, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित, का अनुपालन किया गया है।

(डी) जहां भी लागू हो, ओआई नियमावली, ओआई विनियमावली अथवा यदि लेनदेन पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क**, के अंतर्गत किया गया है तो तत्संबंधी मौजूदा विनियमों, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित, का अनुपालन किया गया है।

(ई) प्रमाणित किया जाता है कि ओआई विनियमावली के विनियम 12 में यथा-अपेक्षित, रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की देरी नियमितीकरण के लिए लंबित नहीं है।

(एफ) भारत से बाहर के निवासी व्यक्ति से उपहार के रूप में अर्जित विदेशी प्रतिभूतियां विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 2010, और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों तथा ओआई नियमावली की अनुसूची III के पैरा 2 में निहित प्रावधानों के अनुसार हैं।

(जी) यह विप्रेषण/लेनदेन राशि तथा इस वित्तीय वर्ष के दौरान उदारीकृत विप्रेषण योजना के अंतर्गत सभी चालू और पूंजीगत खाता लेनदेनों से संबंधित पहले के विप्रेषणों/लेनदेनों की राशि का योग इस योजना के अंतर्गत प्रदान की गई सीमा के भीतर है। इस वित्तीय वर्ष

के दौरान इस प्रमाणपत्र की तारीख तक मेरे द्वारा किए गए विप्रेषणों/ लेनदेनों की कुल राशि ____ (एफसीवाई) है जिसकी आईएनआर में समतुल्य राशि..... है।
मैं / हम एतद्वारा प्रमाणित करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य और सही है। **मैं/हम यह विधिवत स्वीकार भी करते हैं कि यदि मेरे/हमारे द्वारा दी गई कोई सूचना झूठी और/या गलत पाई जाती है, तो यह माना जाएगा कि फेमा, 1999 के तहत रिपोर्टिंग अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं किया गया है।**

आईई/आरआई के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर				स्टैम्प / मुहर
आईई/आरआई के प्राधिकृत अधिकारी का नाम/ पदनाम				
स्थान		दिनांक		
टेलीफोन सं.		ई-मेल		
संलग्नकों की सूची				

नोट:** अधिसूचना नं. फेमा.19/आरबी-2000 दिनांक 3 मई 2000 और अधिसूचना सं. फेमा.120/आरबी-2004 दिनांक 7 जुलाई, 2004, समय-समय पर यथासंशोधित

फॉर्म एफ़सी : भाग - ई

भारतीय संस्था (आईई)/ समूह कंपनी, यथालागू, के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र

(जो लागू न हो उसे काट दें)

यह प्रमाणित किया जाता है कि रिपोर्ट के तहत निवेश के संबंध में ओआई नियमावली और ओआई विनियमावली में निहित नियमों और शर्तों का अनुपालन भारतीय संस्था/समूह कंपनी द्वारा किया गया है, जैसा कि लागू है, _____ (भारतीय संस्था / समूह कंपनी का नाम)। विशेष रूप से, यह प्रमाणित किया जाता है कि (जो लागू न हो उसे काट दें):

i. किए गये निवेश में विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 के नियम-19 अथवा जहां लेनदेन पूर्ववर्ती पारदेशीय निवेश ढांचे के तहत किया गया है **, वहाँ रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित संबंधित मौजूदा विनियमों में निहित प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हुआ है।

ii. जहां आवश्यक है, वहाँ विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 के नियम-10 के अनुसार अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया गया है।

iii. पिछली वित्तीय प्रतिबद्धता को जोड़ते हुए निवेश हेतु विप्रेषण/लेनदेन राशि रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित सीमा के भीतर है। भारतीय संस्था _____ (भारतीय संस्था का नाम) की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता _____ (विदेशी मुद्रा में) है, जो भारतीय रुपये (आईएनआर) में रुपये _____ के समतुल्य^ है, जो कि उक्त संस्था के निवल मूल्य जो आईएनआर _____/- है का ____% है, जो संस्था के पिछले लेखापरीक्षित तुलनपत्र की तारीख अर्थात (तारीख _____) को था।

iv. भारतीय संस्था द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 अथवा जहां लेनदेन पूर्ववर्ती पारदेशीय

निवेश ढांचे के तहत किया गया है**, वहाँ संबंधित विनियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्य निर्धारण/ मूल्यांकन मानदंडों का अनुपालन किया है। उक्त निवेश _____ (शेयरों की संख्या/ हिस्सेदारी का प्रतिशत) है, का मूल्यांकन _____ (विदेशी मुद्रा में) के बराबर आता है।@

v. भारतीय संस्था ने वित्तीय सेवा क्रियाकलापों में ओडीआई के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 की अनुसूची-I के पैरा-2 में निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया है, अथवा जहां लेनदेन पूर्ववर्ती पारदेशीय निवेश ढांचे** के तहत किया गया है, वहाँ संबंधित विनियमों के प्रावधानों के अनुसार रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों, जहां भी लागू हो, का अनुपालन किया है।,

vi. हमने अभिलेखों का सत्यापन कर लिया है और हम यह प्रमाणित करते हैं कि विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 के विनियम-12 के तहत आवश्यक रिपोर्टिंग संबंधी किसी प्रकार का विलंब नियमितीकरण हेतु लंबित नहीं है।

vii. भारतीय संस्था की समूह कंपनी (होल्डिंग/अनुषंगी/प्रवर्तक समूह कंपनी के रूप में) द्वारा दी गई गारंटी(यों) की राशि, उक्त समूह कंपनी की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ, यदि कोई हो, विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) विनियमावली, 2022 और विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) निदेश, 2022 में दिये गए प्रावधानों के साथ पठित विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) नियमावली, 2022 में निर्धारित सीमा के भीतर है। उक्त भारतीय संस्था _____(भारतीय संस्था का नाम) की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता _____ (विदेशी मुद्रा में) है, जो भारतीय रुपयों (आईएनआर) में _____ रुपये होती है, जोकि कंपनी के निवल मूल्य आईएनआर _____ के _____ प्रतिशत तक है, जो संस्था के पिछले लेखापरीक्षित तुलनपत्र की तारीख अर्थात (तारीख _____) के अनुसार थी।

टिप्पणी : @मूल्यांकन प्रपत्र संलग्न है।

* समूह कंपनी द्वारा दी गई गारंटी के मामले में कृपया ओआई विनियमावली के विनियम 5(2) का संदर्भ लें।

^ भारतीय रुपये (आईएनआर) की विनिमय दर वित्तीय प्रतिबद्धता की तारीख को या इस प्रमाणपत्र की तिथि, जो भी पहले हो, ली जाए

** दिनांक 03 मई 2000 की अधिसूचना सं. फेमा 19/आरबी-2000 तथा दिनांक 07 जुलाई 2004 की अधिसूचना सं. फेमा 120/आरबी-2004, समय-समय पर यथासंशोधित

भारतीय संस्था के सांविधिक लेखापरीक्षकों के हस्ताक्षर				<u>स्टैम्प/ मुहर</u>
लेखापरीक्षा करने वाली फर्म का नाम, पंजीकरण संख्या और यूडीआईएन				
स्थान		दिनांक		
टेलीफोन नंबर		ई-मेल		

फॉर्म एफ़सी : भाग – एफ़		
भारत में निवासी व्यक्ति के प्रति इक्विटी और ऋण आस्तियों में निवेश के कारण बकाया देय राशि के समग्र मूल्य में हुए ह्रास को शामिल करने हेतु की गई विदेशी संस्था की बैलेंस शीट के पुनर्गठन संबंधी रिपोर्टिंग		
टिप्पणी: सभी राशियाँ एक ही विदेशी मुद्रा में और वास्तविक होनी चाहिए		
रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित 13 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या		
नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक का नाम, एडी कोड और शाखा के ब्योरे		
क्र. सं.	**विवरण**	
I	पैन संख्या एवं भारतीय संस्था का नाम	
II	विदेशी संस्था का नाम	
III	विदेशी संस्था में भारतीय संस्था द्वारा धारित हिस्सेदारी का प्रतिशत (%)	
IV	इस यूआईएन में भारतीय संस्था द्वारा अब तक की गई वित्तीय प्रतिबद्धता की कुल राशि	
	ए) इक्विटी	
	बी) ऋण	
	सी) गारंटी / गैर-निधि आधारित प्रतिबद्धता से भिन्न	
V	कुल संचित हानि (नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर)	
VI	भारतीय संस्था के हिस्से के आधार पर संचित हानियों की आनुपातिक राशि	
VII	पुनर्गठन की तारीख	
VIII	पुनर्गठन की तिथि को भारतीय संस्था के प्रति कुल बकाया देय राशि	
IX	बकाया राशि के समग्र मूल्य में आए ह्रास की राशि	
	ए) इक्विटी	
	बी) ऋण	
	सी) प्राप्तियाँ	
	(i) ब्याज	
	(ii) डिविडेंड	.
	(iii) अन्य (कृपया उल्लेख करें)	
X	मूल्यांकन प्रमाणपत्र की तिथि	
XI	पुनर्गठन के बाद वित्तीय प्रतिबद्धता की कुल राशि	
	ए) इक्विटी	
	बी) ऋण	
	सी) गारंटी / गैर-निधि आधारित प्रतिबद्धता से भिन्न	
XII	पुनर्गठन के पश्चात भारतीय संस्था द्वारा धारित हिस्सेदारी का प्रतिशत (%)	

भारतीय संस्था द्वारा घोषणा

(जो लागू न हो, उसे काट दें)

ए) विदेशी संस्था पिछले 2 वर्षों से घाटे में चल रही है।

बी) मूल निवेश की राशि 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कम है।

अथवा

मूल निवेश की राशि 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है और मूल्य में हुए ह्रास को कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अनुसार पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा या संबंधित नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा अथवा मेजबान क्षेत्राधिकार में प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार द्वारा स्वतंत्र संव्यवहार के आधार पर विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया है और यह प्रमाणपत्र पुनर्गठन की तारीख से छह महीने से अधिक पुराना नहीं है।

अथवा

सी) बकाया देयताओं के मूल्य में हुए ह्रास की राशि भारतीय संस्था के प्रति कुल बकाया देय राशि के मूल्य के बीस प्रतिशत से कम है।

अथवा

बकाया देयताओं के मूल्य में हुए ह्रास की राशि भारतीय संस्था के प्रति कुल बकाया देय राशि के मूल्य के बीस प्रतिशत से अधिक है और मूल्य में हुए ह्रास को कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अनुसार पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा या संबंधित नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा अथवा मेजबान क्षेत्राधिकार में प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार द्वारा स्वतंत्र संव्यवहार के आधार पर विधिवत रूप से प्रमाणित किया गया है और यह प्रमाणपत्र पुनर्गठन की तारीख से छह महीने से अधिक पुराना नहीं है।

मैं/हम एतद्वारा प्रमाणित करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य और सटीक है। **मैं/हम विधिवत रूप से स्वीकार करते हैं कि यदि मेरे/हमारे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य और/या गलत पाई जाती है, तो यह माना जाएगा कि फेमा, 1999 के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया गया है।**

स्थान		स्थान	
तिथि		तिथि	
(आईई/आरआई के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर)		(एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर)	
नाम		नाम	
पदनाम		पदनाम	
दूरभाष सं.		दूरभाष सं.	
ई-मेल		ई-मेल	

नोट: प्राधिकृत व्यापारी बैंक यह सुनिश्चित करें कि प्रस्तुत किया गया प्रमाणपत्र विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) निदेश, 2022 के पैरा 14 के अनुसार है।

फॉर्म एफ़सी – भाग जी

इक्विटी पूंजी की बिक्री या अंतरण/इक्विटी पूंजी की पुनर्खरीद / क्लोजर/स्वैच्छिक परिसमापन/समापन/विलय/समामेलन के माध्यम से विदेशी संस्था में किए गए विनिवेश की रिपोर्टिंग

नोट: सभी राशियाँ एक ही विदेशी मुद्रा में और वास्तविक होनी चाहिए।

रिजर्व बैंक द्वारा आवंटित 13 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन)

नामित एडी बैंक का नाम, एडी कोड और शाखा					
क्र. सं.	लेनदेन का ब्योरा				
I	पिछली एपीआर जमा करने की तिथि और वह अवधि जिससे वह एपीआर संबंधित है				
II	विनिवेश मार्ग (टिक का निशान लगाएँ)	अनुमोदन मार्ग		स्वचालित मार्ग	
III	विनिवेश का प्रकार (टिक का निशान लगाएँ)	पूर्ण विनिवेश		आंशिक विनिवेश	
IV	विनिवेश की तिथि				
V	विनिवेश करने वाले भारत में निवासी व्यक्ति का नाम और पैन संख्या				
VI	विनिवेश के समय धारित हिस्सेदारी का प्रतिशत (%)		आंशिक विनिवेश के मामले में विनिवेश की गई हिस्सेदारी का प्रतिशत (%)		
VII	विनिवेश का तरीका		प्रासंगिक दस्तावेजी साक्ष्य के साथ फॉर्म एफसी भाग-जी के अनुलग्नक के रूप में विवरण प्रस्तुत किया जाए। (कृपया जो भी तरीका लागू न हो उसे काट दें)		
i.	भारत में निवासी किसी अन्य व्यक्ति/ विदेशी भागीदार/ व्यष्टि को इक्विटी पूंजी की बिक्री या अंतरण या भारतीय संस्था का विलय/ परिसमापन		हिस्सेदारी खरीदने वाली संस्था का विवरण प्रस्तुत करें और क्या हिस्सेदारी खरीदने वाली संस्था विदेशी संस्था में मौजूदा विदेशी भागीदार/ भारतीय भागीदार है या पहली बार संबंधित विदेशी संस्था में हिस्सेदारी खरीदने वाला विदेशी पक्ष/ भारत में निवासी व्यक्ति है।		
ii.	विदेशी संस्था का क्लोजर / स्वैच्छिक परिसमापन		कृपया प्रासंगिक दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें।		
iii.	विदेशी संस्था द्वारा पुनर्खरीद		कृपया प्रासंगिक दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें।		

iv.	भारत में निवासी एक ही व्यक्ति की दो या दो से अधिक विदेशी संस्थाओं का विलय	विलय की जाने वाली विदेशी संस्था और उत्तरजीवी विदेशी संस्था का ब्योरा जैसे: विदेशी संस्था का नाम, यूआईएन और दोनों विदेशी संस्थाओं से संबंधित भारत में निवासी व्यक्ति का नाम लिखें। उन विदेशी संस्थाओं की अनुषंगियों का विवरण भी प्रस्तुत करें जिनका विलय होगा।
v.	भारत में निवासी या अन्यथा किसी एक ही व्यक्ति की अनुषंगियों में किसी विदेशी संस्था का विलय	विलय करने वाली विदेशी संस्था का यूआईएन, एसडीएस में अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी रखने वाले भारत में निवासी व्यक्ति का नाम, एसडीएस का नाम, एसडीएस का स्तर, एसडीएस का देश/ क्षेत्राधिकार तथा एसडीएस की निकटवर्ती पैतृक संस्था का ब्योरा
vi.	विदेशी संस्था का किसी स्वतंत्र विदेशी कंपनी के साथ विलय जिसका भारतीय संस्था/निवासी व्यष्टि/ट्रस्ट/सोसाइटी से कोई संबंध नहीं है	विदेशी कंपनी का ब्योरा जैसे नाम और पता लिखें

VIII	विदेशी संस्था के संबंध में वित्तीय प्रतिबद्धता (संचयी राशि) का सारांश			
	इक्विटी	ऋण	जारी की गई गारंटियां/अन्य गैर-निधि आधारित वित्तीय प्रतिबद्धताएं	इनवोक की गयी गारंटियां/अन्य निधि आधारित वित्तीय प्रतिबद्धताएं

IX	विप्रेषण/लेनदेन का तिथि के अनुसार ब्योरा (यदि आवश्यक हो तो अलग शीट संलग्न करें)			
	विप्रेषण/ लेनदेन की तिथि	निवेश का तरीका	निवेश की श्रेणी	राशि

X	मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार कुल विनिवेश का उचित मूल्य और मूल्यांकन रिपोर्ट की तिथि, जहां भी लागू हो	

XI	किए गए निवेश को क्या बट्टे खाते (अर्थात मूल राशि (आंशिक विनिवेश के मामले में आनुपातिक राशि) और विनिवेश के परिणामस्वरूप प्राप्त प्रतिफल राशि के बीच का अंतर, जहां बाद वाली राशि पहले से कम है) डाला गया है ? यदि हाँ, तो कृपया बट्टे खाते डाली गई राशि बताएं		
	इक्विटी	ऋण	अन्य (कृपया ब्योरा दें)

XII	संप्रत्यावर्तित की गई विनिवेश की राशि (यदि आवश्यक हो, तो कृपया अलग शीट संलग्न करें)		
	इक्विटी	ऋण	अन्य (कृपया ब्योरा दें)

XIII	विनिवेश से अर्जित आय को छोड़कर पिछले एपीआर की रिपोर्टिंग के बाद से संप्रत्यावर्तित की गई राशि		
	इक्विटी	ऋण	अन्य (कृपया ब्योरा दें)

घोषणा

(ए) अंतरण स्वतंत्र संव्यवहार के आधार पर गिनी गई कीमत के अधीन है। प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा अपेक्षित आवश्यक दस्तावेजों/ मूल्यांकन की प्रतियां प्राधिकृत व्यापारी बैंक को प्रस्तुत कर दी गई हैं।

(बी) यदि अंतरण विलय, समामेलन या डीमर्जर या विदेशी प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद के कारण हुआ है, तो इस तरह के अंतरण, या परिसमापन (विदेशी संस्था के परिसमापन के मामले में), को भारत और/या मेजबान देश/क्षेत्राधिकार में, जैसा भी मामला हो, लागू कानूनों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

(सी) परिसमापन के अलावा पूर्ण विनिवेश के मामले में, अंतरणकर्ता को प्राप्य कोई राशि बकाया नहीं है, जिसे उस विदेशी संस्था से इक्विटी पूंजी और ऋण के निवेशक के रूप में प्राप्त करने का वह हकदार है।

(डी) अंतरणकर्ता ओडीआई करने की तारीख से कम से कम एक वर्ष के लिए निवेशित रहा हो।

(ई) सभी विप्रेषण/लेन-देन की रिपोर्ट रिज़र्व बैंक को दी गई है और वह रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट किए गए विप्रेषण/लेन-देन संबंधी विवरण के साथ मेल खाती है।

(एफ़) विदेशी संस्था और उसकी अनुषंगियों की ओर से जारी सभी गारंटियां या तो किसी अन्य संस्था को दे दी गई हैं या ऐसी गारंटियां समाप्त हो गई हैं।

(जी) कोई अनुषंगी यदि किसी विदेशी संस्था में विनिवेश के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष विदेशी संस्था बन गई हो, तो यह प्रमाणित किया जाता है कि ऐसी सभी अनुषंगियों के संबंध में यूआईएन के आवंटन हेतु फॉर्म एफसी के संबंधित खंडों में ब्योरा देते हुए इसे एडी बैंक के मार्फत रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है।

(एच) मैं/हम एतद्वारा प्रमाणित करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य और सटीक है। मैं**/हम विधिवत रूप से स्वीकार करते हैं कि यदि मेरे/हमारे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य और/अथवा गलत पाई जाती है, तो यह माना जाएगा कि फेमा, 1999 के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया गया है।**

स्थान		स्थान	
तिथि		तिथि	
(आईई/आरआई के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर)		(एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर)	
नाम		नाम	
पदनाम		पदनाम	
दूरभाष सं.		दूरभाष सं.	
ई-मेल		ई-मेल	

फॉर्म एफ़सी भरने संबंधी अनुदेश

1) भारत में निवासी व्यक्ति, जो किसी विदेशी संस्था में निवेश करने की इच्छा रखता है, चाहे वह स्वचालित मार्ग से हो या अनुमोदन मार्ग के तहत हो, उसे फॉर्म एफसी भरना होगा और अपने नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक में जमा करना होगा।

2) अनुमोदन मार्ग के तहत, फॉर्म एफसी को एडी बैंक द्वारा जांच के पश्चात विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) निदेश, 2022 के पैरा-3 में दिए गए निर्देशों के अनुसार रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जाए।

3) किसी विदेशी संस्था में वित्तीय प्रतिबद्धता करते समय, जावक विप्रेषण भेजते समय या वित्तीय प्रतिबद्धता करते समय, जो भी पहले हो, फॉर्म एफसी जमा किया जाए।

4) ओआई विनियमावली के विनियम 7 के अनुसार आस्थगित भुगतान के आधार पर इक्विटी पूंजी के अर्जन के मामले में, प्रतिफल राशि का वह हिस्सा, जिसका भुगतान भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा आस्थगित किया गया है, उसे गैर-निधि-आधारित प्रतिबद्धता के रूप में गिना जाए और तदनुसार रिपोर्ट किया जाए। आस्थगित प्रतिफल राशि के भुगतान के लिए अनुवर्ती विप्रेषण को गैर-निधि-आधारित प्रतिबद्धता के इक्विटी पूंजी में परिवर्तन के रूप में मानते हुए फॉर्म एफसी में रिपोर्ट किया जाए। इस तरह के अनुवर्ती विप्रेषण को निवेश सीमा के प्रयोजन के लिए नई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं माना जाएगा। इस प्रकार, आस्थगित भुगतान के मामले में दो प्रस्तुतीकरण होंगे और किसी भी प्रस्तुतीकरण में विलंब होने के मामले में, विलंब प्रस्तुतीकरण शुल्क (एलएसएफ़) की सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

5) गैर-निधि आधारित वित्तीय प्रतिबद्धता के मामले में, ऐसी वित्तीय प्रतिबद्धता करने से पूर्व फॉर्म एफसी जमा किया जा सकता है। ऐसी वित्तीय प्रतिबद्धता के लिए जमा किए गए फॉर्म एफसी में वित्तीय प्रतिबद्धता या वैधता तिथि, जैसा भी मामला हो, की तारीख में कोई भी परिवर्तन हो तो उसे इस तरह की वित्तीय प्रतिबद्धता करने की तारीख से अगले कार्य दिवस तक एडी बैंक को सूचित किया जाए।

6) गारंटी के मामले में किसी प्रकार के रोल-ओवर को फॉर्म एफ़सी में रिपोर्ट किया जाए।

7) फॉर्म एफसी के भाग 'ए' और 'बी' के साथ उक्त फॉर्म के संबंधित भागों, जो भी लागू हों, को ही जमा किया जाए। वित्तीय प्रतिबद्धता करने के लिए, जिसमें रोल-ओवर एवं ऋण का इक्विटी में परिवर्तन शामिल है, भाग 'सी' में लेनदेन का विवरण, भाग 'डी' में भारतीय संस्था/ निवासी व्यक्ति द्वारा घोषणा और भारतीय संस्था/ समूह कंपनी, जैसा भी मामला हो, के सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रमाणपत्र को भाग 'ई' में प्रस्तुत किया जाए।

8) आस्थगित भुगतान के आधार पर इक्विटी पूंजी के अर्जन के लिए विप्रेषण करते समय, जहां फॉर्म एफसी पहले ही गैर-निधि आधारित प्रतिबद्धता के रूप में विधिवत भरे हुए भाग 'डी' और भाग 'ई' के साथ जमा किया जा चुका है, तो फॉर्म के इन भागों को फिर से प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इन मामलों में पूर्व में प्रस्तुत फॉर्म एफसी की एक प्रतिलिपि संदर्भ हेतु एडी को प्रस्तुत की जाये।

9) अनुवर्ती विप्रेषणों हेतु , फॉर्म के भाग 'ए' और 'बी' को तब नहीं भरा जाये जब कि भारत में निवासी व्यक्ति/ विदेशी संस्था/ अनुषंगी/ पूंजीगत संरचना के संबंध में पिछले फॉर्म एफसी की रिपोर्टिंग के समय दिये गए ब्योरे में कोई परिवर्तन न हुआ हो।

10) समूह कंपनी द्वारा गारंटी जारी करने के मामले में, उसे स्वतंत्र रूप से अपनी वित्तीय प्रतिबद्धता सीमा के उपयोग के लिए गिना जाएगा और यदि ऐसी समूह कंपनी का भारतीय संस्था से या संस्था को निधि-आधारित एक्सपोजर है तो उसे, ऐसी समूह कंपनी की वित्तीय प्रतिबद्धता सीमा की गणना के लिए उसकी निवल मालियत से घटाया जाएगा और तदनुसार उसे ओआई विनियमावाली के विनियम 5(2) के प्रावधानों के अनुसार रिपोर्ट किया जाएगा।

11) प्राधिकृत व्यापारी बैंक यह सुनिश्चित करें कि ऋण के माध्यम से भारतीय संस्था द्वारा की गई वित्तीय प्रतिबद्धता ऋण करार से समर्थित हो और इस तरह के करार में उल्लिखित ब्याज की दर स्वतंत्र संव्यवहार के आधार पर तय की गई हो।

12) प्राधिकृत व्यापारी बैंक यह सुनिश्चित करें कि भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा वास्तविक वित्तीय प्रतिबद्धता करने की तारीख को रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित वित्तीय प्रतिबद्धता की सीमा का उल्लंघन नहीं किया है।

13) निवासी प्रवर्तक व्यष्टि द्वारा जारी की गई व्यक्तिगत गारंटी के मामले में, ऐसी गारंटी को भारतीय संस्था की वित्तीय प्रतिबद्धता सीमा के लिए गिना जाएगा।

14) यदि भारत में निवासी एक से अधिक व्यक्ति एक ही विदेशी संस्था में निवेश कर रहे हैं, तो ऐसे सभी निवेशक व्यक्तियों द्वारा एडी बैंक की नामित शाखा में व्यक्तिगत रूप से फॉर्म एफसी जमा किया जाएगा। प्राधिकृत व्यापारी बैंक प्रत्येक पक्ष का ब्योरा दर्शाते हुए फॉर्मों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग करेंगे। रिज़र्व बैंक एक विदेशी संस्था को केवल एक ही यूआईएन आवंटित करेगा।

15) विदेशी संस्था को पैतृक कंपनी मानते हुए अनुषंगी (एसडीएस) के स्तर की गणना की जाएगी। अतः प्रत्यक्ष विदेशी संस्था के तहत सीधे एक अनुषंगी हो तो उसे प्रथम स्तर की अनुषंगी माना जाएगा। तदनुसार, पहले स्तर के अनुषंगी के नीचे एक अनुषंगी हो तो उसे दूसरे स्तर की अनुषंगी माना जाएगा और आगे आने वाली अनुषंगियों को इसी क्रम में गिना जाएगा।

16) फॉर्म एफसी का भाग 'एफ' भारत में निवासी ऐसे व्यक्ति द्वारा भरा जाना आवश्यक है जिसकी वित्तीय प्रतिबद्धता विदेशी संस्था की बैलेंस शीट के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप बदल रही हो। यह फॉर्म इस तरह के पुनर्गठन की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

17) विदेशी संस्था में विनिवेश के मामले में विनिवेश से प्राप्त राशि (आवक विप्रेषण) की तारीख से 30 दिनों के भीतर फॉर्म एफसी जमा किया जाना चाहिए। जहां करार के अनुसार विनिवेश से प्राप्त राशि किश्तों में प्राप्त होनी है, वहाँ ऐसी प्रत्येक किश्त की प्राप्ति संबंधी सूचना फॉर्म एफसी में दी जाए।

18) विदेशी मुद्रा (FCY) और भारतीय रुपये (आईएनआर) की सभी राशियाँ केवल वास्तविक राशि होनी चाहिए।

19) विदेशी मुद्रा (करेंसी) का नाम स्विफ्ट कोड के अनुसार दर्शाया जाए।

20) *तिथियां DD/MM/YYYY प्रारूप में हों।*

21) *एनआईसी 1987 और एनआईसी 2008 के अनुसार क्रियाकलाप कोड प्रस्तुत किया जाए।*

22) *भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा फॉर्म एफसी जमा करते समय उसके प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षर और तारीख के साथ मुहर लगाई जानी चाहिए।*

23) *रिज़र्व बैंक यहां दी गई जानकारी को सार्वजनिक डोमेन में रखने का अधिकार सुरक्षित रखता है।*

अनुबंध II

वार्षिक कार्यनिष्पादन रिपोर्ट (एपीआर)														
नोट: सभी राशियाँ वास्तविक होनी चाहिए। सभी अंक एक ही विदेशी मुद्रा (एफसीवाई) में होने चाहिए।														
I	**एपीआर की अवधि**	दिनांक से							दिनांक तक					
II	**विशिष्ट पहचान संख्या**													

III	**विदेशी संस्था के लेखा वर्ष की अंतिम तारीख को पूँजीगत ढाँचा**		
		राशि	% शेयर
i)	भारतीय		
ii)	विदेशी		
IV	**क्या भारतीय संस्था (आईई)/ निवासी व्यष्टि (आरआई)/ ट्रस्ट/ सोसाइटी का विदेशी संस्था में नियंत्रण है?**		**हाँ/ नहीं**
V	**रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान शेयर धारिता के पैटर्न में आया बदलाव (विदेशी संस्था में अद्यतन शेयर धारिता पैटर्न, यदि लागू हो, की सूचना दें)**		

	भारत में निवासी व्यक्ति	% **हिस्सेदारी**		**विदेशी भागीदार**	% **हिस्सेदारी**
(1)			(1)		
(2)			(2)		
(3)			(3)		

VI	**पिछले दो वर्षों से विदेशी संस्था की वित्तीय स्थिति**		
		पिछले वर्ष	वर्तमान वर्ष
i)	निवल लाभ/ (हानि)		
ii)	लाभांश		
iii)	निवल मालियत		
VII	**विदेशी संस्था से प्रत्यावर्तन**		
		वर्तमान वर्ष	कारोबार के प्रारंभ से
(i)	लाभांश		

(ii)	ऋण की अदायगी		
(iii)	गैर-इक्विटी निर्यात आगम (आईएनआर)		
(iv)	रॉयल्टियाँ		
(v)	तकनीकी ज्ञान शुल्क		
(vi)	परामर्श शुल्क		
(vii)	अन्य (कृपया उल्लेख करें)		
VIII	लाभ		
IX	प्रतिधारित उपार्जन		
X	विदेशी संस्था/ उप अनुषंगी द्वारा भारत में एफडीआई		
XI	अतिरिक्त शेयर-आवेदन शुल्क की वापसी @लेनदेन सं. -		

@ ऑनलाइन ओआईडी एप्लीकेशन में विप्रेषण की रिपोर्टिंग करते समय रिज़र्व बैंक द्वारा आवंटित की गयी 15 / 17 अंकों की लेनदेन संख्या लिखी जाए।

XII	**रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान अनुषंगी अथवा विदेशी संस्था की अनुषंगी कंपनियों के अधिग्रहण या स्थापना या समापन या हस्तांतरण का ब्योरा निर्धारित फॉर्मेट में दें, यदि लागू हो (यदि एसडीएस की संख्या एक से अधिक हो तो अलग शीट संलग्न करें)**		
(i)	एसडीएस का नाम, स्तर और देश/क्षेत्राधिकार का नाम		
(ii)	एसडीएस की पैतृक संस्था का नाम, स्तर और देश/क्षेत्राधिकार का नाम		
(iii)	निवेश (यदि कोई हो) की राशि और निवेश की तारीख	मुद्रा: राशि:	दिनांक:
(iv)	1987 के अनुसार गतिविधि कोड 2008 के अनुसार गतिविधि कोड		
(v)	एसडीएस में % हिस्सेदारी		

(vi)	क्या एसडीएस की गतिविधि वित्तीय सेवा क्षेत्र में है (टिक करें)	हाँ	नहीं
(vii)	रिपोर्टिंग अवधि के दौरान जिन एसडीएस का समापन किया गया, उनका नाम, स्तर और देश/क्षेत्राधिकार, जहाँ लागू हो		

भारतीय संस्था/ निवासी व्यष्टि द्वारा घोषणा (जो लागू न हो, उसे काट दें)

मैं/ हम. भारतीय संस्था / निवासी व्यष्टि (जहां भी लागू हो) इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि:

i. एसडीएस का अधिग्रहण/स्थापना/समापन/हस्तांतरण और पिछले एपीआर की रिपोर्टिंग के समय से विदेशी संस्था के शेयरधारिता पैटर्न में आए परिवर्तन को ओआई विनियमावली के विनियम 10(4)(सी) या संबंधित विनियमों, जहां रिपोर्टिंग पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क**, रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित, के अंतर्गत की जा रही है, में यथाअपेक्षित रूप से रिपोर्ट किया गया है ।

ii. एसडीएस की संरचना ओआई नियमावली में निर्धारित विदेशी संस्था की संरचनागत अपेक्षाओं के अनुपालन में है।

iii. हमने शेयर प्रमाणपत्र (या मेजबान क्षेत्राधिकार के लागू कानूनों के अनुसार निवेश का कोई अन्य सबूत) प्राप्त किया है और ऐसे सभी निवेशों / पूंजीकरण, जिन्हें ओआई विनियमावली के विनियम-9 (1) या संबंधित विनियमों, जहां रिपोर्टिंग पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क**, रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित, के अंतर्गत की जा रही है, के अनुसार इस यूआईएन के तहत उस विदेशी संस्था में ओडीआई माना जाता है, के उद्देश्य से विप्रेषण(णों) के 6 महीने के भीतर सत्यापन के लिए नामित एडी बैंक को प्रस्तुत कर दिया है।

iv. इस यूआईएन के तहत विदेशी संस्था के पिछले एपीआर फाइल किए जा चुके हैं।

v. ओआई विनियमावली के विनियम 9 (4) या संबंधित विनियमों, जहाँ रिपोर्टिंग पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क**, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित, के तहत की जा रही है, के तहत की गयी अपेक्षा के अनुसार, इस यूआईएन के अंतर्गत विदेशी संस्था से प्राप्य सभी देय राशियां भारत को प्रत्यावर्तित कर ली गईं हैं

vi. मैं/हम एतद्वारा प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य और सही है। **मैं/हम यह भी विधिवत स्वीकार करता हूँ/ करते हैं कि यदि मेरे/हमारे द्वारा दी गई कोई सूचना झूठी और/या गलत पायी जाती है, तो यह माना जाएगा कि फेमा, 1999 के तहत रिपोर्टिंग अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं किया गया है।**

बोर्ड द्वारा अनुमोदित आईई के प्राधिकृत अधिकारी/आरई के हस्ताक्षर				स्टाम्प/ मुहर
आईई के प्राधिकृत अधिकारी/आरई का नाम एवं पदनाम				
स्थान		दिनांक		
टेलीफोन नं.		ईमेल		

सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र (भारतीय संस्था के मामले में) /
सनदी लेखाकार का प्रमाण-पत्र (निवासी व्यष्टियों के मामले में)
(जो लागू न हो, उसे काट दें)

हम यह प्रमाणित करते हैं कि:

i. ..... को समाप्त वर्ष के लिए एपीआर को विदेशी संस्था के ..... को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित/अलेखापरीक्षित तुलनपत्र के आधार पर तैयार किया गया है।

ii. ..... को समाप्त वर्ष के लिए एपीआर विदेशी संस्था के अलेखापरीक्षित तुलन-पत्र के आधार पर तैयार किया गया है क्योंकि मेजबान देश/क्षेत्राधिकार में लेखा परीक्षा अनिवार्य नहीं है और विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) विनियमावली, 2022 के विनियम 10(4) के स्पष्टीकरण (ए) के अनुपालन में इस आईई/आरआई का विदेशी संस्था में 'नियंत्रण' नहीं है।

iii. जैसा कि विदेशी मुद्रा प्रबंध (पारदेशीय निवेश) विनियमावली, 2022 के विनियम 9 (4) में अपेक्षित है या यदि रिपोर्टिंग भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित पूर्ववर्ती समुद्रपारीय निवेश फ्रेमवर्क** के तहत की जा रही है, तो संबंधित मौजूदा विनियमों के तहत अपेक्षा की गयी है, आईई/ आरआई द्वारा इस यूआईएन के अंतर्गत विदेशी संस्था से प्राप्य सभी देय राशियों का भारत में प्रत्यावर्तन किया गया है और इसका सत्यापन एडी बैंक (कों) द्वारा जारी विदेशी आवक विप्रेषण प्रमाण-पत्र से किया गया है।

सांविधिक लेखापरीक्षकों/ सनदी लेखाकार के हस्ताक्षर				स्टाम्प/मुहर
लेखापरीक्षा फर्म का नाम, पंजीकरण संख्या और यूडीआईएन				
स्थान		दिनांक		
ई-मेल				

प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा प्रमाण पत्र

i. ओआई विनियमावली के विनियम 9 (1) के अनुसार, एडी बैंक ने निवेश के साक्ष्य के रूप में शेयर प्रमाण पत्र या मेजबान क्षेत्राधिकार में लागू कानूनों के अनुसार कोई अन्य दस्तावेज, प्राप्त कर लिया है और हम इस प्रकार प्राप्त दस्तावेजों की प्रामाणिकता के बारे में संतुष्ट हैं।

ii. विधिवत भरा गया फॉर्म (वार्षिक कार्यनिष्पादन रिपोर्ट) भारतीय संस्था/निवासी व्यष्टि द्वारा वर्ष ..... के माह ..... की ..... तारीख को प्रस्तुत किया गया।

iii. ..... (भारतीय संस्था/निवासी व्यष्टि) द्वारा प्रस्तुत पिछले सभी वर्षों के एपीआर ऑनलाइन ओआईडी एप्लीकेशन में रिपोर्ट किए गए हैं।

एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर				<u>स्टाम्प/ मुहर</u>
एडी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी का नाम और पदनाम				
स्थान		दिनांक		

वार्षिक कार्यनिष्पादन रिपोर्ट (एपीआर) भरने के निर्देश

1) भारत में निवासी व्यक्ति जब किसी विदेशी संस्था में ऐसी इक्विटी पूंजी अर्जित करता है जिसे ओडीआई माना जाता हो, तो उसे हर साल 31 दिसंबर तक प्रत्येक विदेशी संस्था के संबंध में एपीआर तब तक प्रस्तुत करना होगा जब तक कि भारत में निवासी व्यक्ति का निवेश ऐसी विदेशी संस्था में बना रहता है, और जहां विदेशी संस्था का लेखा वर्ष 31 दिसंबर को समाप्त होता है, वहाँ एपीआर अगले वर्ष की 31 दिसंबर तक प्रस्तुत की जाएगी।

2) निम्नलिखित मामलों में एपीआर प्रस्तुत नहीं करनी होगी,

(i) यदि भारत में निवासी व्यक्ति विदेशी संस्था में बिना नियंत्रण के इक्विटी पूंजी का 10 प्रतिशत से कम हिस्सा रखता है और और उसकी इक्विटी पूंजी के माध्यम से भिन्न कोई अन्य वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है।

(ii) जब विदेशी संस्था के परिसमापन की प्रक्रिया चल रही हो तो, परिसमापन प्रारंभ होने की तारीख से।

(iii) अपूर्ण अवधि (यानी पूरा वर्ष पूरा नहीं हुआ) के लिए, विनिवेश के समय। तथापि, पिछली एपीआर प्रस्तुत करने की तारीख से लेकर विनिवेश/परिसमापन प्रक्रिया शुरू करने की तारीख तक की अवधि के दौरान किए गए लेनदेन का ब्योरा, यदि कोई हो, फॉर्म एफसी में विधिवत रिपोर्ट किया जाए।

3) एपीआर विदेशी संस्था के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित होगा। जहां भारत में निवासी व्यक्ति का विदेशी संस्था में 'नियंत्रण' नहीं है और मेजबान क्षेत्राधिकार के कानूनों के तहत लेखा-बहियों की लेखापरीक्षा अनिवार्य नहीं है, वहाँ भारतीय संस्था के सांविधिक लेखापरीक्षक या सनदी लेखाकार द्वारा, जहाँ सांविधिक लेखापरीक्षा लागू नहीं होती जिसमें निवासियों व्यष्टियों के मामले भी शामिल हैं, इस आशय के प्रमाणपत्र के साथ, अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर एपीआर प्रस्तुत किया जा सकता है।

4) यदि भारत में निवासी एक से अधिक व्यक्तियों ने एक ही विदेशी संस्था में ओडीआई किया है, तो विदेशी संस्था में अधिकतम हिस्सेदारी रखने वाले भारत में निवासी व्यक्ति को एपीआर प्रस्तुत करनी होगी। अगर हिस्सेदारी समान हो तो, भारत में निवासी ऐसे व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से एपीआर प्रस्तुत की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जहां एपीआर संयुक्त रूप से दायर करने की अपेक्षा है, वहाँ या तो किसी एक निवेशक को अन्य निवेशकों द्वारा अधिकृत किया जा सकता है, या ऐसे व्यक्ति संयुक्त रूप से एपीआर दाखिल कर सकते हैं।

5) भारत में निवासी व्यक्ति को रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान किसी एसडीएस के अधिग्रहण/ स्थापना/ समापन/ हस्तांतरण या विदेशी संस्था में शेयरधारिता के पैटर्न में हुए परिवर्तन के बारे में एपीआर में ब्योरा देना होगा और ऐसा करने में विफल रहने पर यह माना जाएगा कि एपीआर प्रस्तुत नहीं की गयी है।

6) भारत में निवासी व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि पिछले सभी वर्षों की एपीआर नामित एडी बैंक को प्रस्तुत की गयी हैं।

7) पूंजी संरचना (फॉर्म एपीआर का पैरा-III) संचयी रूप में होनी चाहिए और % हिस्सेदारी की गणना करते समय भारत में निवासी सभी व्यक्तियों की विदेशी संस्था में कुल हिस्सेदारी शामिल की जानी चाहिए।

8) पैरा-VII में "कारोबार के प्रारंभ से" के अंतर्गत दिखाए गए आंकड़े चालू वर्ष के अंतर्गत उल्लिखित आंकड़ों के बराबर अथवा उससे अधिक होने चाहिए।

9) पैरा-VII (ii) में वरीयता शेयरों के मोचन (जो अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय वरीयता शेयरों (सीसीपीएस) की प्रकृति के न हों) की भी सूचना दी जानी चाहिए।

10) पैरा VII (vii) में, अन्य प्राप्तियां जो तालिका में उल्लिखित नहीं हैं जैसे- ऋण पर ब्याज या लाइसेंस शुल्क आदि का उल्लेख किया जाएगा।

11) पैरा IX में, विदेशी संस्था को हुए लाभ के उस हिस्से का उल्लेख किया जाए जो ऐसी विदेशी संस्था में प्रतिधारित और पुनर्निवेशित किया गया है। प्रतिधारित आय की गणना उस प्रक्रिया के अनुसार की जानी है जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा उनके प्रकाशन "भुगतान संतुलन और अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति मैनुअल" के नवीनतम संस्करण में निर्धारित की गयी है। यह ध्यान दिया जाए कि नकारात्मक प्रतिधारित आय को '0' (शून्य) माना जाएगा।

12) उप-अनुषंगी (एसडीएस) के स्तर की गणना करते समय विदेशी संस्था को पैतृक संस्था माना जाएगा। इसलिए, ऐसी एसडीएस जो सीधे तौर पर विदेशी संस्था के अधीन होगी, उसे प्रथम स्तर की एसडीएस माना जाएगा। तदनुसार, प्रथम स्तर के एसडीएस के अधीन किसी एसडीएस को द्वितीय स्तर की एसडीएस के रूप में जाना जाएगा और इसी तरह आगे।

13) पैरा XII के मामले में, एसडीएस की संरचना विदेशी संस्था की संरचनात्मक अपेक्षाओं के अनुपालन में होनी चाहिए अर्थात ऐसी अनुषंगी/ एसडीएस की संरचना भी सीमित देयता वाली होनी चाहिए जहां विदेशी संस्था की मुख्य गतिविधि रणनीतिक क्षेत्र में न हो। इस विदेशी संस्था की निवेशग्राही संस्थाएँ जिनमें विदेशी संस्था का नियंत्रण नहीं है, एसडीएस नहीं मानी जाएंगी और इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग न की जाए।

14) पैरा XII (vi) के मामले में, यदि एसडीएस वित्तीय सेवाओं की गतिविधि में संलग्न है, तो निवेश ओआई नियमावली की

अनुसूची-I के पैरा 2 में निहित प्रावधानों के अनुपालन में होगा।

15) एनआईसी 1987 और एनआईसी 2008 के अनुसार गतिविधि कोड दिया जाए।

16) दिनांक का उल्लेख डीडी/एमएम/वाईवाईवाईवाई प्रारूप में किया जाए।

17) विदेशी मुद्रा (एफसीवाई) का नाम स्विफ्ट कोड के अनुसार इंगित किया जाए।

18) भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा फॉर्म एफसी प्रस्तुत करने वाले जमा करते समय उसके प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षर किए जाने चाहिए और तारीख के साथ मुहर लगाई जानी चाहिए।

19) विदेशी मुद्रा (एफसीवाई) और भारतीय रुपये (आईएनआर) में प्रदर्शित सभी राशियां वास्तविक ही होनी चाहिए।

फॉर्म ओपीआई: भाग-ए

(मार्च/ सितंबर में समाप्त अर्धवर्ष हेतु)

टिप्पणी: इसे निवासी व्यष्टि से भिन्न भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा भरा जाए, जिसने रिपोर्टिंग अवधि के दौरान या तो किसी प्रकार का पारदेशीय पोर्टफोलियो निवेश (ओपीआई) किया है अथवा इस तरह के किसी निवेश को अंतरित किया है (फॉर्म के उन्हीं भागों का उपयोग किया जाए जो संबधित/ लागू हों)
दर्शायी गई सभी राशियाँ वास्तविक हों।

I	**रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले एडी बैंक का नाम एवं कोड :**			
II	**भारतीय संस्था / म्यूचुअल फ़ंड(एमएफ़) का ब्योरा**			
i.	भारतीय संस्था / एमएफ़ का नाम			
ii.	भारतीय संथा/ एमएफ़ की विधिक संस्था पहचान सं. (एलईआई)			
iii.	पैन नंबर			
iv.	भारतीय संथा/ एमएफ़ का पता			
v.	शहर			
vi.	राज्य			
vii.	पिन कोड			
viii.	पिछले लेखापरीक्षित तुलनपत्र के अनुसार भारतीय संस्था की निवल मालियत भारतीय रुपयों में		तिथि के अनुसार (कृपया तिथि का उल्लेख करें)	
ix	क्या भारतीय संस्था सूचीबद्ध है	हाँ / नहीं		
x	संपर्क सूत्र (नाम और पदनाम)			
xi	मोबाइल नंबर			
xii	ई-मेल आईडी			

ए. भारतीय संस्था द्वारा किया गया ओपीआई (कृपया ओआई नियमावली की अनुसूची-II तथा अनुसूची-V का परंतुक 2(iii) देखें)

		यूएसडी	**आईएनआर**
i	लागत के आधार पर विदेशो में धारित निवेश की निवल राशि (प्रारंभिक शेष)		
ii	छमाही के दौरान किया गए निवेश (पुनर्निवेश सहित)		
iii	छमाही के दौरान की गई बिक्री/विनिवेश *		
iv	विदेश में धारित निवेश की निवल राशि (अंतिम शेष) (I+II-III)		
	विप्रेषण की राशि		
	संप्रत्यावर्तन की राशि		

बी. निवासी व्यष्टि द्वारा कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ESOP)/ कर्मचारी लाभ योजना (EBS) के तहत किया गया ओपीआई (कृपया ओआई नियमावली की अनुसूची-III के पैरा 1(2) (iii) (एच) और पैरा 3 का संदर्भ ग्रहण करें) (कंपनी/ शाखा/ कार्यालय, जैसा भी मामला हो, द्वारा की जाने वाली रिपोर्टिंग)

		यूएसडी	आईएनआर
i	लागत के आधार पर विदेशो में धारित ईएसओपी/ईबीएस निवेश की निवल राशि (प्रारंभिक राशि)		
ii	छमाही के दौरान किया गए निवेश (पुनर्निवेश सहित)		
iii	छमाही के दौरान किया गए विनिवेश*		
iv	विदेश में धारित निवेश की निवल राशि (अंतिम शेष) (I+II-III)		
	विप्रेषण की राशि		
	संप्रत्यावर्तन की राशि		

कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ईएसओपी)/कर्मचारी लाभ योजना का समेकित विवरण कंपनी/शाखा/कार्यालय, जैसा भी मामला हो, द्वारा निम्नानुसार सूचित किया जाए।

(ए) हम, ... (भारतीय कंपनी/ कार्यालय/ शाखा), एतद्वारा घोषणा करते हैं कि:

मैसर्स ..... (विदेशी कंपनी) ने छमाही के दौरान कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (ईएसओपी)/कर्मचारी लाभ योजना के तहत हमारे कर्मचारियों/निदेशकों को निम्नानुसार ---------- (प्रकार की) इक्विटी पूंजी / % हिस्सा जारी किया है:
(i) आबंटित इक्विटी पूंजी/ निर्गमित हिस्सा %
(ii) शेयर/हिस्सा स्वीकार करने वाले कर्मचारियों/निदेशकों की संख्या

(बी) हम ---------- (भारतीय कंपनी/ कार्यालय/ शाखा), एतद्वारा घोषणा करते हैं कि:

मैसर्स ---------- (विदेशी कंपनी) ने छमाही के दौरान ईएसओपी/कर्मचारी लाभ योजना के तहत हमारे कर्मचारियों/ निदेशकों से ----------(प्रकार की) इक्विटी पूंजी की निम्नानुसार पुनर्खरीद की है:

(i) इक्विटी पूंजी पुनर्खरीद
(ii) इक्विटी पूंजी / हिस्सा बेचने वाले वाले कर्मचारियों/ निदेशकों की संख्या

सी. म्यूचुअल फंड द्वारा ओपीआई (कृपया ओआई नियमावली की अनुसूची IV का पैरा 2 देखें)

		प्रारंभिक शेष		खरीद / अधिग्रहण		बिक्री/ विनिवेश*		अंतिम शेष		भारत से विप्रेषण		भारत में संप्रत्यावर्तन	
		यूएसडी	आईएनआर	यूएसडी	आईएनआर	यूएसडी	आईएनआर	यूएसडी	आईएनआर	यूएसडी	आईएनआर	यूएसडी	आईएनआर
i	इक्विटी												

ii	ऋण लिखतें												
iii	एडीआर/ जीडीआर												
iv	ईटीएफ़ (प्रतिभूतियाँ)												
v	म्यूचुअल फंड												
vi	अन्य (निर्दिष्ट करें)												
	कुल (सी)												

